# कार्यालय पुलिस अधीक्षक जनपद गाजीपुर।

**पत्रसंख्या- सो0मी0- स0कार्य/2022** **दिनांक 19/10/2025**

**सेवा में,**

**पुलिस उपाधीक्षक/स्टॉफ ऑफिसर**
**अपर पुलिस महानिदेशक,**
**वाराणसी जोन, वाराणसी, उ0प्र0 ।**

कृपया पत्र संख्याः41/छः-पु-3/2020,दिनांकः04/06/2020 का (छायाप्रति संलग्न) के परिपेक्ष्य में आप अपने पत्र संख्या सोशल मीडिया-(18/2020 का अवलोकन करें, जो पुलिस विभाग एवं उसकी अन्य इकाईयों द्वारा किये जाने वाले सराहनीय कार्यों एवं विशिष्ट उपलब्धियों का प्रचार-प्रसार किये जाने विषयक है।

कृपया

उक्त के संबंध में सादर अवगत कराना है कि जनपद गाजीपुर के पुलिस कर्मियों द्वारा उत्कृष्ट/सराहनीय कार्य के संबंध में **दिनांक 18.10.2025** की संबंधित सूचना निम्नवत् है-

**01. थाना जंगीपुर पुलिस टीम द्वारा मु0अ0सं0 207/25 धारा 137(2)/87/65(1) बीएनएस व 5L/6 पाक्सो एक्ट से सम्बन्धित वांछित 01 नफर अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार।**

अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत आज दिनांक 18.10.2025 को उ0नि0 शिव प्रसाद पाण्डेय मय हमराह द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 207/25 धारा 137(2)/87/65(1) बीएनएस व 5L/6 पाक्सो एक्ट से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त चन्दन कुमार पुत्र ओमप्रकाश निवासी ग्राम मलिकपुरा थाना शादियाबाद जनपद गाजीपुर को नवापुरा मोड़ से गिरफ्तार कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पताः-

1 .चन्दन कुमार पुत्र ओमप्रकाश निवासी ग्राम मलिकपुरा थाना शादियाबाद जनपद गाजीपुर उम्र करीब 18 वर्ष

आपराधिक इतिहास –

1 .मु0अ0सं0 207/25 धारा 137(2)/87/65(1) बीएनएस व 5L/6 पाक्सो एक्ट थाना जंगीपुर जनपद गाजीपुर।

**02. थाना बहरियाबाद पुलिस टीम द्वारा 01 अदद चोरी की मो0सा0 व 01 अदद नाजायज देशी तमन्चा .315 बोर मय एक अदद जिन्दा कारतूस .315 बोर के साथ 01 नफर अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार।**

अपराध एंव अपराधियो के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत आज दिनांक 18.10.2025 को थानाध्यक्ष बहरियाबाद मय टीम द्वारा चेकिंग के दौरान उदन्ती नदी पुल के पास से अभियुक्त इरफान उर्फ अरमान पुत्र असलम अंसारी निवासी आराजी कस्बा स्वाद थाना बहरियाबाद जनपद

गाजीपुर उम्र करीब 19 वर्ष को गिरफ्तार किया गया, जिसके कब्जे से एक अदद नाजायज देशी तमन्चा .315 बोर मय एक अदद जिन्दा कारतूस .315 बोर व एक अदद चोरी की मो0सा0 सुपर स्प्लेण्डर गलत नम्बर प्लेट वाहन संख्या UP61AQ8881 लगा हुआ व सही वाहन संख्या- UP35AZ4372 बरामद हुआ। चोरी की मो0सा0 के सम्बन्ध में थाना सैदपुर जनपद गाजीपुर में मु0अ0सं0-182/2025 धारा-303(2) बीएनएस का अभियोग पंजीकृत है। उपरोक्त बरामदगी के सम्बन्ध में अभियुक्त के विरूद्ध थाना बहरियाबाद गाजीपुर पर मु0अ0सं0-183/2025 धारा-317(2)/319(2)/318(4)/336(2) बीएनएस व 3/25 आर्म्स एक्ट का अभियोग पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पताः -

1 .इरफान उर्फ अरमान पुत्र असलम अंसारी निवासी आराजी कस्बा स्वाद थाना बहरियाबाद जनपद गाजीपुर उम्र करीब 19 वर्ष

बरामदगी-

1 . एक अदद नाजायज देशी तमन्चा .315 बोर मय एक अदद जिन्दा कारतूस .315 बोर

2 .एक अदद चोरी की मो0सा0 सुपर स्प्लेण्डर गलत नम्बर प्लेट वाहन संख्या UP61AQ8881 लगा हुआ व सही वाहन संख्या- UP35AZ4372

आपराधिक इतिहास -

1. मु0अ0सं0-183/2025 धारा-317(2)/319(2)/318(4)/336(2) बीएनएस व 3/25 आर्म्स एक्ट थाना बहरियाबाद जनपद गाजीपुर।

**पुलिस अधीक्षक**
**गाजीपुर**